मुख्यालय /**Headquarters**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

**Employees' State Insurance Corporation**

**(**आईएसओ 9001-2008 प्रमाणित **/ ISO 9001-2008 certified)**

पंचदीप भवन**,** सीआईजी मार्ग**,** नई दिल्ली -110002

**Panchdeep Bhawan, CIG Road,New Delhi-110002**

सं॰ : जेड-11/12/1/2020-पी.आर. दिनांक : 23.04.2020

# प्रेस विज्ञप्ति

## कोविड-19 नमूना संग्रह के लिए पहला "मोबाइल बीएसएल-3वीआरडीएल लैब" राष्ट्र को समर्पित

**श्री राजनाथ सिंह**, माननीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार ने **श्री संतोष कुमार गंगवार**, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार, **श्री जी. किशन रेड्डी**, माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार, **श्री के. टी. रामा राव**, माननीय मंत्री, नगर पालिका प्रशासन और शहरी विकास, उद्योग और आईटी ई एंड सी, तेलंगाना सरकार, **श्री चामकुरामल्ल रेड्डी**, माननीय श्रम एवं रोजगार, कारखाना मंत्री, तेलंगाना सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में **दिनांक 23.4.2020** को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से **भारत की पहली कोविड-19 सैंपल क्लेक्शन मोबाइल लैब अर्थात "मोबाइल बीएसएल-3वीआरडीएल लैब"** राष्ट्र को समर्पित की।

इस लैब को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) और तेलंगाना सरकार की विधिवत सहमति के साथ क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथ नगर (हैदराबाद) के सहयोग से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित किया गया है।

इस अवसर पर बोलते हुए, माननीय रक्षा मंत्री ने 15 दिनों के रिकॉर्ड समय में इस जैव-सुरक्षा स्तर 2 और स्तर 3 प्रयोगशाला की स्थापना में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और क.रा.बी. निगम के प्रयासों की सराहना की, जिसमें आमतौर पर लगभग छह महीने का समय लगता है। उन्होंने आगे कहा कि यह परीक्षण सुविधा एक दिन में 1,000 से अधिक नमूनों को प्रक्रमित (प्रोसैस) कर सकती है और यह कोविड-19 से लड़ने में देश की क्षमताओं को बढ़ाएगी।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम मंत्री, भारत सरकार ने बहुत कम समय में मोबाइल टेस्टिंग लैब विकसित करने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और क.रा.बी. निगम की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ हमारी लड़ाई में यह बहुत महत्वपूर्ण होगा। श्री गंगवार ने कोविड-19 से लड़ने के लिए अपने मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठन, क.रा.बी. निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार ने यह सुविधा विकसित करने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)के वैज्ञानिकों और क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथ नगर, हैदराबाद के डॉक्टरों की टीम की प्रशंसा की। इस लैब को दो सप्ताह के रिकॉर्ड समय के भीतर विकसित किया गया है, जबकि इसमें सामान्य रूप से लगभग छह महीने लगते हैं।

## "मोबाइल बीएसएल-3 वीआरडीएल लैब" के संबंध में

कराबी निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथनगर, हैदराबाद में कोविड-19 जांच केंद्र (टेस्ट सेंटर) "मोबाइल बीएसएल-3 वीआरडीएल लैब" नामक इस नई और अनूठी मोबाइल निदान और अनुसंधान (डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च) सुविधा का उपयोग करेंगे। कोविड-19 और अन्य संबंधित जांचों और अनुसंधान (टेस्टिंग एंड रिसर्च) के लिए यह देश में अपने आप में पहली सुविधा होगी।

मोबाइल बीएसएल-3 वीआरडीएल का डिजाइन डीआरडीओ के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया है जबकि लैब के बारे में विनिर्देश (स्पेसिफिकेशन) कराबी निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथनगर, हैदराबाद द्वारा दिए गए थे। प्रोजेक्ट को कार्यान्वित और निर्मित करने का कार्य डीआरडीओ के तीन इंडस्ट्री पार्टनरों द्वारा किया गया है।

अन्य अभिनव तकनीकें डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई हैं और कराबी निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथनगर, हैदराबाद के साथ साझा (शेयर) की गई हैं जिसमें नमूने (सेंपल) लेने के लिए कोवसेक (सीओवीएसएसीके) यूनिट, एरोसोल बॉक्सेस और एरोसॉलाइज्ड सैनिटाइजर डिस्पेंसर, स्नोरकेल फेस मास्क और फ़ेस शील्ड यथा दोबारा उपयोग योग्य पीपीईएन-95 और समकक्ष, यूवी-सी डिसइंफेक्शन चेंबर और अन्य उपकरण आदि हैं, कोविड-19 से निपटने के लिए अस्पताल द्वारा उपयोग करने के लिए होंगे।

## कराबी निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथ नगर, हैदराबाद

कराबी निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, सनथ नगर, हैदराबाद 500 बिस्तरों का एक अस्पताल है। इसके अलावा अस्पताल में 150 बिस्तर और भी उपलब्ध हैं जो अति विशिष्टता (सुपरस्पेशलिटी) उपचार के लिए हैं जिनमें ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी आदि हैं जिससे कि कर्मचारी राज्य बीमा हितलाभार्थी एक ही छत के नीचे गुणवत्तापूर्ण इलाज ले सकें। अस्पताल तेलंगाना सरकार द्वारा कोविड-19 के रोगियों के इलाज और आइसोलेशन के लिए चिन्हित किया गया है।

## कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए कराबी निगम द्वारा किए गए अन्य अनेक उपाय

संकट की इस घड़ी में पूरे भारत से 1861 आइसोलेशन बिस्तरों के साथ 13 कराबी निगम अस्पताल कोविड-19 के इलाज के लिए परिवर्तित किए गए हैं। ऊपर बताए गए इन अस्पतालों के साथ ही पूरे देश के बाकी अधिकतर कराबी अस्पतालों में करीब 1011 आइसोलेशन बिस्तर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा 555 आईसीयू/ एचडीयू बिस्तर 197 वेंटिलेटरों के साथ इन अस्पतालों में उपलब्ध कराए गए हैं। अलवर (राजस्थान), बिहटा, पटना (बिहार), गुलबर्गा (कर्नाटक) और कोरबा (छत्तीसगढ़) में चार कराबी निगम अस्पताल (कुल 1254 बिस्तर) क्वारेंटीन फैसिलिटी के साथ कार्यात्मक (फंक्शनल) बनाए गए हैं। इसके अलावा कराबी निगम अस्पताल फरीदाबाद (हरियाणा) में कोविड-19 की जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## भारत में कराबी निगम योजना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम प्रथम सामाजिक सुरक्षा योजना है जो व्यापक तौर पर सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करा रही है। चिकित्सा देखभाल और जरूरत के समय नकद हितलाभ की श्रेणी (रेंज) जैसे- रोजगार चोट, बीमारी, मृत्यु आदि। यह करीब 3.49 करोड़ कामगारों के परिवार इकाइयों को व्याप्त कर रहा है और अपने 13.56 करोड़ हितलाभार्थियों को अतुलनीय नकद हितलाभ और उचित चिकित्सा देखभाल उपलब्ध करा रहा है। आज इसका आधारभूत ढांचा कई गुना बढ़ चुका है जिसमें 1648 औषधालय (डिस्पेंसरी)/ आयुष यूनिट, 159 कराबी अस्पताल, 793 भुगतान कार्यालय और 64 क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय कार्यालय हैं। कराबी योजना देश के 34 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के 566 जिलों में कार्यान्वित है।

-----